सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 125 | इंदौर, बुधवार 19 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## हेलमेट नहीं पहनने पर एक दिन में 1218 चालकों पर कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ट्रैफिक पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें बिना हेलमेट और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई। सोमवार सुबह से लेकर रात तक चले इस अभियान में पुलिस ने 1218 टू व्हीलर चालकों पर चालानी कार्रवाई की, जो बिना हेलमेट सड़क पर निकले थे।**

पुलिस ने बताया कि कार्रवाई सिर्फ सड़कों पर ही नहीं, बल्कि शहर के चौराहों पर लगे हाई-टेक कैमरों के माध्यम से भी की जा रही है। कैमरों में कैद होने वाले बिना हेलमेट चालकों को ऑनलाइन चालान भेजे जा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार हेलमेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में सिर की गंभीर चोटों से होने वाली मौतों के मामले ज्यादा आते हैं। इसी को देखते हुए लगातार जागरूकता और सख्ती दोनों जारी है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए चलाया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ भी विशेष मुहिम चलाई। वन-वे उल्लंघन, ओवरलोडिंग, नो पार्किंग और प्रतिबंधित मार्ग पर चलने जैसी नियम विरुद्ध गतिविधियों पर कुल 26 ई-रिक्शा और ऑटो चालकों पर कार्यवाही की गई। ट्रैफिक पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनकर ही घर से निकलें और यातायात नियमों का पालन करें।



**SIR का ऐसा खौफ, बंगाल से भाग खड़े हुए 500 बांग्लादेशी**

### कैबिनेट की बैठक में सरकार ने कई अहम फैसले लिए

# किसान अब 3-5 की बजाय 7.5 एचपी का सोलर पम्प लगा सकेंगे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। सीएम मोहन यादव की अध्यक्षता में एमपी कैबिनेट की कैबिनेट हुई है। कैबिनेट की बैठक में सरकार ने कई अहम फैसले लिए हैं। वहीं, कैबिनेट में प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना में सिंचाई के लिए सोलर पंप स्थापना की योजना में संशोधन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।**

संशोधन अनुसार कृषकों को स्वीकृत सोलर पंप स्थापना क्षमता से एक क्षमता अधिक तक का विकल्प प्रदाय किया जाएगा। अब 3 एचपी के अस्थाई विद्युत कनेक्शनधारियों को 5 एचपी और 5 एचपी के अस्थाई विद्युत कनेक्शनधारियों को 7.5 एचपी का सोलर पंप प्रदाय करने का विकल्प दिया जाएगा।योजना के प्रथम चरण में अस्थायी विद्युत कनेक्शन संयोजन वाले किसानों और अविद्युतीकृत किसानों को सोलर पंप का लाभ दिया जाएगा। योजना अनुसार 7.5 एचपी क्षमता तक का सोलर पंप लगाने के लिए अस्थाई विद्युत कनेक्शन धारी कृषक का अंश 10% रहेगा। शासन द्वारा 90% की सब्सिडी दी जाएगी।

वहीं, कैबिनेट ने मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गैर संस्थागत सेवा योजना और स्पॉन्सरशिप, फॉस्टर केयर, आफ्टर केयर को आगामी 5 वर्षों तक प्रदेश के समस्त जिलों में संचालित करने की स्वीकृति दी गयी है। योजना के तहत पात्र बच्चे को 4 हजार रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जायगी। इसके साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर बाल देखभाल संस्थान छोड़ने वाले बच्चों को ऑफ्टर केयर के माध्यम से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जायेगा। मिशन वात्सल्य योजना क्रियान्वयन के लिए कुल 1,022 करोड़ 40 लाख रुपये का खर्च होगा। इसमें राज्यांश 408 करोड़ 96 लाख रुपए और केंद्रांश 613 करोड़ 44 लाख रुपए होगा। इससे प्रदेश के 33 हजार 346 बच्चे लाभान्वित होंगे। यदि योजना अन्तर्गत निर्धारित स्वीकृत अवधि में भारत सरकार द्वारा योजना मापदण्डों में कोई परिवर्तन किए जाते है तो उक्त अवधि में परिवर्तित मापदण्ड प्रभावशील होंगे।

### आयुष चिकित्सालयों में होगी भर्ती

इसके साथ ही कैबिनेट ने प्रदेश के 12 जिलों भोपाल, इंदौर, नरसिंहपुर, मण्डलेश्वर (खरगोन), बालाघाट, गुना, भिंड, सीहोर, अमरकंटक (अनूपपुर), पन्ना, श्योपुर एवं शुजालपुर (शाजापुर) में 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सालयों एवं बड़वानी जिले में 30 बिस्तरीय चिकित्सालय के संचालन के लिए 373 पद एवं 806 मानव संसाधन सेवाएं ऑन कॉल की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत नवीन पदों में प्रथम श्रेणी के 52 पद, द्वितीय श्रेणी के 91 और तृतीय श्रेणी के 230 पद शामिल है। नियमित पदों पर वार्षिक वित्तीय भार 25 करोड़ 57 लाख रुपए आएगा। इसके साथ ही स्वीकृत मानव संसाधन सेवाओं मे द्वितीय श्रेणी के 91, तृतीय श्रेणी के 117 और चतुर्थ श्रेणी के 598 पद शामिल है। मानव सेवाओं का प्रबंधन भारत सरकार के राष्ट्रीय आयुष मिशन से किया जाएगा।

### राष्ट्रपति के हाथों से मिला पुरस्कार

# जल संचय जन भागीदारी में खंडवा और खरगोन को पहला और दूसरा स्थान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** राष्ट्रीय जल संरक्षण की दिशा में मध्य प्रदेश ने एक बार फिर इतिहास रच दिया और राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को 6वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में खरगोन जिले की पूर्वी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ जिले को, जबकि खंडवा जिले की कावेश्वर ग्राम पंचायत को देश की सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत के रूप में चुना गया। यह सम्मान देशभर की लाखों पंचायतों के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा के बाद मिला है। इसने खंडवा को राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन का मॉडल जिला बना दिया है।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ नागार्जुन बी गौड़ा को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। इसी मंच पर खरगोन जिले की कलेक्टर भव्या मित्तल को उत्कृष्ट जल संरक्षण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। भव्या मित्तल खंडवा कलेक्टर की पत्नी है। यह संयोग पूरे निमाड़ अंचल के लिए गर्व का क्षण बन गया। भारत सरकार के 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' के तहत चलाए जा रहे 'जल संचय, जन भागीदारी' अभियान में खंडवा जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर केंद्र सरकार की ओर से खंडवा जिले को 2 करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया गया है। यह राशि जिले में आगे जल संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण गतिविधियों को विस्तार देने में उपयोग होगी। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि खंडवा की कावेश्वर पंचायत में बीते वर्षों में किए गए प्रभावी जल संरक्षण कार्यों ने राष्ट्रीय स्तर पर एक उदाहरण पेश किया है। पंचायत को इसके लिए 1.50 लाख रुपये की नकद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। कावेश्वर पंचायत ने जल प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग करते हुए पहाड़ी क्षेत्र को 'रिज टू वैली' सिद्धांत के आधार पर विकसित किया। इसके अंतर्गत- लगभग 50 हेक्टेयर क्षेत्र में कंटूर, 55 गली प्लग, 35 पोखर तालाब, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, हैंडपंप रिचार्ज, बोरवेल रिचार्ज, रिचार्ज शाफ्ट सहित अनेक संरचनाओं का निर्माण किया गया।



# निगम ने तीन जर्जर मकान तोड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मंगलवार को नगर निगम का अमला दलबल के साथ जर्जर मकानों पर कार्रवाई करने पहुंचा। निगम ने कुल 5 जर्जर मकानों को चिह्नित किया था, लेकिन इनमें से दो मकानों को कोर्ट से अस्थायी राहत मिल गई। ऐसे में निगम ने तीन मकानों पर ही जेसीबी चलाते हुए कार्रवाई की।

जोन-11 के वार्ड 60 में स्थित इन 5 मकानों पर कार्रवाई के लिए भवन अधिकारी गीतेश तिवारी, रिमूवल सुपरवाइजर बबलू कल्याणे, भवन निरीक्षक और अन्य स्टाफ मौजूद रहा। कार्रवाई के दौरान तीन जेसीबी मशीनों का उपयोग किया गया। सावधानी के तहत संबंधित मार्ग को बंद कर दिया गया, ताकि कोई यातायात प्रभावित न हो। भवन अधिकारी गीतेश तिवारी ने बताया कि रानीपुरा, दौलतगंज और सियागंज क्षेत्रों में स्थित 5 जर्जर मकानों को चिह्नित किया गया था। इनमें से दो भवन स्वामियों ने कोर्ट का रुख किया था, जिन्हें 26 नवंबर तक की अस्थायी राहत मिली है। इसलिए इन दो भवनों पर कार्रवाई नहीं की गई, जबकि शेष तीन मकानों को तोड़ा गया।

वंदना ने इंडोनेशिया में रचा इतिहास

# इंदौर की महिला बॉडी बिल्डर ने जीता गोल्ड मेडल

**इंदौर। प्रदेश की महिला बॉडी बिल्डर वंदना ठाकुर ने इंडोनेशिया में आयोजित 16वीं वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने 55+ प्लस कैटेगरी में यह उपलब्धि हासिल की। इस चैम्पियनशिप में दुनियाभर के टॉप बॉडी बिल्डर ने हिस्सा लिया। इसमें वंदना इकलौती खिलाड़ी थी जिन्होंने भारत की ओर से प्रतिनिधित्व किया।**



वंदना ने महिला बॉडी बिल्डिंग में भारत के लिए गोल्ड जीत कर इतिहास रच दिया है। वंदना महिला बॉडी बिल्डिंग में गोल्ड जीतने वाली देश की पहली महिला बॉडी बिल्डर बन गई हैं। यह चैम्पियनशिप 17 नवंबर को आयोजित की गई। वंदना का रोज सुबह जल्द उठना, घंटों की कड़ी ट्रेनिंग, चोटों से लड़ना और फिर भी मुस्कुराते हुए आगे बढ़ना उनके इस संकल्प ने उन्हें यह गौरव दिलाया। जीत को लेकर भावुक हुई वंदना ठाकुर ने फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि जब मैं मंच पर गई तो मेरे दिमाग में सिर्फ एक ही बात थी, तिरंगे के लिए जीतना। भारत का तिरंगा इस मंच पर लहराना है, यही मेरा लक्ष्य था। इसे सच करने के लिए जो भी करना पड़े, उसके लिए मैं तैयार थी। मैंने कई महीनों पहले से ही देश के लिए गोल्ड लाने की जिद के साथ तैयारी कर दी थी। वंदना ने कहा कि बचपन से अब तक के कठिन परिश्रम के बाद आज वो सपना पूरा हुआ है। उन्होंने अपनी कोच गीतांजली विश्वकर्मा को दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं आज उनके सहयोग से ही विश्व चैम्पियन हूं। इसके साथ अतुल मलिकराम सर, नेहा गौर और स्वामी रमेश सर का आभार जाताया। इसके पूर्व वंदना 2024 में एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिए सिल्वर जीत चुकी है। इसके साथ ही नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड जीत चुकी है। वह इंदौर स्वच्छता अभियान की ब्रांड एम्बेसेडर हैं।

# प्रेमिका आत्महत्या की धमकी दे रही थी युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। 22 वर्षीय एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। युवक की मौत के दो दिन बाद एक वीडियो कॉल सामने आया है, जिसमें उसकी प्रेमिका उसे आत्महत्या की धमकी देती नजर आ रही है। वह वीडियो में पंखे में लगे फंदे को गले में डालती और पेट पर तलवार रखती दिख रही है। परिजनों का आरोप है कि प्रेमिका उसे ब्लैकमेल कर रही थी, वहीं प्रेमिका के परिवार वाले युवक से मारपीट कर उस पर दूर रहने का दबाव बना रहे थे। पुलिस ने युवक का मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

मामला इंदौर के परदेशीपुरा इलाके के शिवाजी नगर का है। यहां रहने वाले 22 वर्षीय अभिषेक प्रजापत ने 14 नवंबर को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी। अभिषेक की मौत के बाद अब उसके परिजनों ने खुशी नाम की एक युवती और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में एक वीडियो कॉल का फुटेज सामने आया है, जिसमें कथित तौर पर प्रेमिका खुशी, अभिषेक को धमकी दे रही है। वीडियो में वह पंखे में लगे फंदे को अपने गले में लगाती दिख रही है। इतना ही नहीं, वह अपने गले और पेट पर तलवार रखकर अभिषेक से कहती है कि 'अगर मुझे छोड़ा तो जान दे दूंगी।' वीडियो में दूसरी तरफ अभिषेक उसे ऐसा न करने के लिए लगातार समझाता हुआ सुनाई दे रहा है। मृतक अभिषेक के पिता रामहित प्रजापत ने बताया कि अभिषेक और खुशी के बीच काफी समय से प्रेम संबंध थे और दोनों साथ पढ़ते थे। पिता का आरोप है कि खुशी उनके बेटे को ब्लैकमेल कर रही थी और कई बार सुसाइड की धमकी दे चुकी थी। इसके विपरीत, खुशी के परिवार वाले अभिषेक को धमका रहे थे और उस पर लड़की से दूर रहने का दबाव बना रहे थे। अभिषेक के पिता ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ समय पहले खुशी के परिजनों ने अभिषेक के साथ मारपीट की थी। उन्होंने अभिषेक के खिलाफ भागीरथपुरा चौकी में झूठी शिकायत भी दर्ज कराई थी, जिसके बाद उसे पुलिस चौकी में बंद कर दिया गया था। परिजनों के मुताबिक, पुलिस कर्मियों ने भी अभिषेक को धमकाया था कि वह लड़की को भूल जाए। अभिषेक को सबसे पहले उसकी छोटी बहन ने शुक्रवार (14 नवंबर) शाम को फंदे पर लटका देखा था।

# दुर्लभ बीमारी, दवाई की कीमत 9 करोड़ रुपए

## मेरी बेटी की जिंदगी के लिए 10-10 दे दो...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मेरे प्रदेश की लाड़ली बहनों... मेरी 2 साल की बच्ची को दुर्लभ बीमारी है। उसका इलाज एआईएमएस नई दिल्ली में चल रहा है। बच्ची की जिंदगी बचाने के लिए जरूरी दवा की कीमत 9 करोड़ रुपए है। आप मेरी बच्ची के लिए 10-10 रुपए की मदद करेंगी तो उसे नई जिंदगी मिले जाएगी।**



यह अपील इंदौर निवासी सारिका शर्मा ने अपने बेटी अनिका (2) के लिए की है। मंगलवार को बच्ची के साथ उसके माता-पिता कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर शिवम वर्मा को बताया कि बच्ची का इलाज का 9 करोड़ रुपए हम खर्च नहीं कर सकते हैं। इस पर कलेक्टर ने गंभीरता से समस्या को सुना और कहा कि शासन-प्रशासन आपके साथ है। इलाज के लिए शासन-प्रशासन द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। कलेक्टर ने जिले के दानदाताओं से भी अपील की है कि वे इस बच्ची के इलाज के लिए आगे आकर सहायता करें। बच्ची का विवरण और सहायता सेवा सेतु एप में रहेगा। इस एप के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। इस बच्ची की जिंदगी के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। बच्ची के परिजनों ने बताया कि अनिका स्मा टाइप 2 (स्पाइनल मस्कुलर अट्रॉफी) नाम की दुर्लभ बीमारी से लड़ रही है। यह बीमारी धीरे-धीरे उसके पूरे शरीर को कमजोर कर रही है लेकिन अब भी उम्मीद बाकी है। उसकी जिंदगी बचाने के लिए जरूरी दवा Zolgensma की कीमत करीब 9 करोड़ रुपए है। आपका हर छोटा योगदान हमारी बेटी की सांसों में नई जान डाल सकता है। बच्ची के पिता प्रवीण शर्मा को सहयोग राशि के लिए उनके मोबाइल नंबर 9893523017 पर संपर्क किया जा सकता है। स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी (एसएमए) रीढ़ की हड्डी की तंत्रिका कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती है। एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी है जो मस्तिष्क से मांसपेशियों तक संकेतों को पहुंचने से रोकती है। जिससे मांसपेशियों में कमजोरी और क्षय होता है और अंततः ये मांसपेशियां पतली हो जाती हैं।

Confidential Investigation & All type of Detective Services

DETECTIVE GROUP®

+91-91110 50101

- Spousal (or) Pre-Matrimonial check
- Post-Marital Check
- Individual Character (Personal Cases)
- Missing Persons Investigation
- Financial Services Industry
- Background Investigation
- Attomeys& Legal Services
- Investigation (Audio / Video)
- Bussiness Partners, Bussiness & Corporate
- Real Estate Fraud Investigation
- Corporate & Financial Investigation Services
- Spousal (or) Matrimonial Affair During Divorce of Spouse
- Human Resource Professionals Investigation / Shadowing
- Individual Clients Missing / Kidnapped
- Background Investigation
- Criminal Record Check
- Cyber Fraud Investigation
- Forensic Investigation & Documents, Handwriting Check

पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता

www.detectivegroup.in

**बाल वैज्ञानिकों का महाकुंभ शुरू, CM बोले-**

# नवाचार और विज्ञान ही भारत के उज्जवल भविष्य की नींव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में मंगलवार को 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी-2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्यामला हिल्स स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (RIE) में दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर देशभर से आए करीब 900 विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए 240 इनोवेटिव साइंस मॉडल प्रदर्शित किए गए।



प्रदर्शनी के प्रवेश द्वार पर पहुंचते ही बाल वैज्ञानिकों द्वारा डिजाइन किए गए रोबोट ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया, जिसने लोगों का ध्यान खूब खींचा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान, नवाचार और शोध को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि भारत ने आधुनिक विज्ञान के दम पर पड़ोसी देशों को करारा जवाब दिया। कोविड काल में दुनिया ने योग और भारतीय वैदिक ज्ञान की शक्ति को महसूस किया। मून मिशन और गगनयान जैसे प्रोजेक्ट में प्रधानमंत्री हर चरण में वैज्ञानिकों के साथ खड़े रहे। बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएम ने भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि आर्यभट्ट, भास्कराचार्य से लेकर महर्षि पतंजलि तक-भारत का वैज्ञानिक इतिहास हमेशा से समृद्ध रहा है। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर योग को संयुक्त राष्ट्र ने मान्यता दी। आज दुनिया के हर हिस्से में लोग योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित एनसीईआरटी निदेशक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी, मंत्री डॉ. विजय शाह, कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, सहित अनेक शिक्षाविद, शिक्षक व विद्यार्थी इस अवसर पर शामिल हुए।

## 'ऑरेंज ऑकलीफ' बनेगी मध्यप्रदेश की राज्य तितली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राज्य के गठन के 69 वर्ष बाद मध्य प्रदेश अपनी राजकीय तितली घोषित करने जा रहा है। आरेंज आकलीफ तितली राज्य तितली होगी। इसका प्रस्ताव वन मुख्यालय ने राज्य शासन को भेजा है। आरेंज आकलीफ तितली को हिंदी में मृत पत्ती भी कहा जाता है। इस तितली की सबसे बड़ी खासियत उसका अविश्वसनीय छलावरण है। जब वह अपने पंख बंद कर लेती है, तो सूखी पत्ती की तरह दिखती है, जिससे वह शिकारियों से छिप जाती है। इसके विपरीत, जब पंख खुलते हैं, तो इसके पंखों पर काले, नारंगी और गहरे नीले रंग का खूबसूरत मिश्रण दिखाई देता है। प्रस्ताव मिलने के बाद वन विभाग ने वन मुख्यालय से पूछा कि आखिर आरेंज आकलीफ को ही राजकीय तितली क्यों घोषित किया जाए। इसकी क्या खासियत है, इस पर वन मुख्यालय ने विभाग को इस तितली की खासियत भी बताई है। एमपी का राजकीय वृक्ष बरगद है तो वहीं राजकीय पशु बारहसिंघा है और राजकीय पुष्प लिली है। राजकीय पक्षी दूधराज है। राज्यों ने अलग-अलग तितलियों को राजकीय तितली घोषित किया हुआ है, महाराष्ट्र की ब्लू मार्मन राजकीय तितली है।



## भारी विस्फोटक और हथियार मिलना यात्रा रोकने के षड्यंत्र का हिस्सा: पं. धीरेंद्र शास्त्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी। दिल्ली से वृंदावन तक सनातन हिंदू एकता पदयात्रा संपन्न होने के बाद बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं को धन्यवाद दिया। मंगलवार को उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में जो भारी विस्फोटक और हथियार मिले, इन सबका मकसद यात्रा को रोकना था, लेकिन बालाजी ने यात्रा नहीं रुकने दी। हनुमान जी की कृपा से यात्रा निर्विघ्न संपन्न हुई।**



पूरी दुनिया ने इसमें हिंदुओं का ज्वार भाटा देखा। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का हमने जो प्रण लिया है, वह सबकी एकजुटता से अवश्य पूरा होगा। सनातन हिंदू एकता पदयात्रा 7 नवंबर को दिल्ली के कात्यायनी शक्तिपीठ से शुरू हुई और 16 नवंबर को वृंदावन में संपन्न हुई।पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री यहां बांके बिहारी के दर्शन कर बागेश्वर धाम पहुंचे। मंगलवार को बालाजी की दर्शन पूजा कर पुरानी पेशी का दरबार लगाते हुए भक्तों को आशीर्वाद दिया। पदयात्रा से त्वरित मिली तीन सफलताएं पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि पदयात्रा का संदेश दूर-दूर तक जा रहा है। इसकी तीन सफलताएं त्वरित दिखाई दे रही हैं। इससे न सिर्फ हिंदू एकता को ताकत मिली, बल्कि समरसता का संदेश भी गया है। रास्ते में जहां भी उन लोगों के साथ बैठकर भोजन पाया जिन्हें लोग अछूत कहते हैं वहां-वहां समरसता की चर्चा हुई।

## तमिलनाडु के 200 किसानों को ट्रेन से उतारा

### नर्मदापुरम- इटारसी स्टेशन पर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन

**नर्मदापुरम, एजेंसी। चेन्नई से विरोध प्रदर्शन करने नई दिल्ली जा रहे एक किसान संगठन के लोगों को मंगलवार शाम नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर रोक लिया गया। ट्रेन से किसानों को जबरदस्ती उतारा गया। इस दौरान हंगामा भी हुआ।**

किसानों ने प्लेटफॉर्म पर ही अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। उन्होंने नारेबाजी भी की। किसानों को रोकने के लिए 6 से ज्यादा जिलों से फोर्स बुलाई गई है। तमिलनाडु के 'राष्ट्रीय दक्षिण भारतीय नदी संपर्क किसान संगठन' के करीब 200 सदस्य सोमवार को जीटी एक्सप्रेस में सवार हुए थे। इधर, कुछ किसान तमिलनाडु एक्सप्रेस से भी आ रहे थे, जिन्हें इटारसी रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। इटारसी जंक्शन पर भी पुलिस फोर्स लगाया गया है।



इसके चलते कई ट्रेनें लेट हो गई हैं। भोपाल की ओर आने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं। किसानों की दिल्ली पहुंचकर जंतर-मंतर पर आंदोलन करने की योजना थी। उन्हें दिल्ली से पहले रोकने के लिए नर्मदापुरम और इटारसी स्टेशन पर उतारने की तैयारी की गई थी। सुरक्षा और कार्रवाई के लिए नर्मदापुरम, हरदा, रायसेन, सीहोर, भोपाल और छिंदवाड़ा समेत अन्य जिलों से पुलिस, आरपीएफ और जीआरपी का फोर्स बुलाया गया है। यह भारी पुलिस बल दोपहर 3 बजे से नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर तैनात था।

## सिंहस्थ के विश्वस्तरीय आयोजन के लिए तैयारियां जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सौभाग्य का विषय है कि इस बार उज्जैन में भव्य, दिव्य और विश्व स्तरीय सिंहस्थः 2028 मेले का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पर गंभीरता के साथ कार्य कर ही है। अब उज्जैन सिर्फ हमारा धार्मिक शहर ही नहीं, बल्कि यह धार्मिक पर्यटन और ज्ञान-विज्ञान के बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उज्जैन में इस बार अद्भुत सिंहस्थ का आयोजन होने वाला है। इसके लिए राज्य सरकार जिला प्रशासन, साधु-संतों के साथ-साथ किसानों से भी सुझाव ले रही है। हर वर्ग की परेशानियों को दूर करते हुए सबको साथ लेकर बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। सिंहस्थ मेला क्षेत्र के विकास के संबंध में किसानों की भावना और उनकी सहमति के अनुसार गतिविधियां संचालित की जाएंगी।



## 'मारीच' 15 हजार किलोमीटर की लंबी यात्रा पूरी कर सुरक्षित भारत लौट आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** हलाली डेम से उड़ान भरने वाला यूरेशियन ग्रिफिन गिद्ध 'मारीच' 15 हजार किलोमीटर की लंबी यात्रा पूरी कर सुरक्षित भारत लौट आया है। यह गिद्ध पाकिस्तान, अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान और कज़ाकिस्तान से होते हुए राजस्थान के धौलपुर में विचरण कर रहा है। मई के पहले सप्ताह में कजाकिस्तान पहुंचने के बाद, 'मारीच' ने 23 सितंबर को भारत की ओर उड़ान भरी और 16 अक्टूबर को राजस्थान में प्रवेश किया। इस गिद्ध की ट्रैकिंग से गिद्धों के प्रवास के तरीके और उनके संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है।

'मारीच' की कहानी 29 जनवरी को शुरू हुई, जब वह सतना जिले के नागौद गांव में घायल अवस्था में मिला था। पहले उसका इलाज मुकुंदपुर चिड़ियाघर में हुआ और फिर भोपाल के वन विहार बचाव केंद्र में। दो महीने की देखभाल के बाद, 29 मार्च को उसे हलाली डेम से जियो-टैग लगाकर छोड़ा गया था। यह गिद्ध मई के पहले सप्ताह में कज़ाकिस्तान पहुंचा और वहां लगभग चार महीने बिताए। इसके बाद, 23 सितंबर को उसने भारत की ओर वापसी की उड़ान भरी और 16 अक्टूबर को राजस्थान में प्रवेश किया। वर्तमान में, 'मारीच' धौलपुर के दमोह झरना क्षेत्र में देखा जा रहा है। डीएफओ हेमंत यादव के अनुसार, इस गिद्ध की ट्रैकिंग से हमें गिद्धों के प्रवास के पैटर्न और उनके संरक्षण के तरीकों के बारे में बहुत महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। गिद्धों को प्रकृति का सफाईकर्मी कहा जाता है। वे मरे हुए जानवरों को खाकर बीमारियों को फैलने से रोकते हैं। साथ ही, वे पोषक तत्वों को फिर से इस्तेमाल करने में मदद करते हैं, जिससे मिट्टी और पानी की गुणवत्ता बेहतर होती है।



## संपादकीय

# समुद्र के क्षेत्र में सहयोग के लिए रूस का ऑफर

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की तारीख नजदीक आती जा रही है। इससे पहले रूस ने भारत को समुद्र के क्षेत्र में सहयोग के लिए बहुत बड़ा ऑफर दिया है। रूस ने जहाज निर्माण के साथ-साथ मैरीटाइम सेक्टर में साझेदारी के विस्तार पर बहुत जोर दिया है। यह ऑफर हिंद महासागर समेत भारत-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भी दिया है। दरअसल, रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भरोसेमंद सहयोगी और वहां के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार निकोलाई पेत्रुशेव भारत यात्रा पर आए और उनकी ओर से यह ऑफर जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के साथ द्विपक्षीय बातचीत में दिया गया। ET की एक रिपोर्ट के अनुसार समवार को पुतिन के सहयोगी निकोलाई पेत्रुशेव और केंद्रीय मंत्री सोनोवाल के बीच जो चर्चा हुई, उस दौरान दोनों नेताओं ने सिविल मैरीटाइम सेक्टर में भी द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं की तलाश की, जिसमें आपसी तालमेल से जहाज निर्माण, बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे के विकास और मैरीटाइम लॉजिस्टिक के क्षेत्र में सहयोग करना भी शामिल है। इस दौरान रूस ने भारत को मछली पकड़ने, यात्री और अन्य सहायक जहाजों के मौजूदा और नई डिजाइन के आधार पर बनने वाले नए जहाजों के निर्माण में सहयोग का ऑफर दिया। इसके माध्यम से दोनों देश हिंद महासागर समेत पूरे भारत-प्रशांत क्षेत्र में आपसी भागीदारी बढ़ाना चाहते हैं। सोनोवाल और पेत्रुशेव के बीच हुई इस बैठक की जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक इस दौरान विशेष रूप से समुद्री जहाजों के क्रू की ट्रेनिंग और गहरे समुद्री गतिविधियों से जुड़े मुद्दों पर खास ध्यान दिया गया। इस बैठक के दौरान पेत्रुशेव ने इस बात पर जोर दिया कि 'हम भारत को जहाज निर्माण में उत्साहजनक पहल की पेशकश कर सकते हैं, जिसमें मछली पकड़ने, यात्री और अन्य सहायक जहाजों के लिए मौजूदा या नए डिजाइन विकसित करना भी शामिल है।' 'हमारे पास स्पेशलाइज्ड शिपबिल्डिंग का व्यापक अनुभव है, जैसे कि आइसक्लास शिप और आइसब्रेकर शिप... इसमें रूस का कोई प्रतिद्वंदी नहीं है। ग्रीन शिपबिल्डिंग में हमारे सहयोग के मौके मौजूद हैं, जो मौजूदा वक्त में समंदर के क्षेत्र में भारत की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।' अगले महीने की शुरुआत में भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भी दोनों मुल्कों के बीच समुद्री सहयोग को और तरजीह मिलने वाली है। गौर करने वाली बात है कि भारत ऐसे जहाजों और टैंकरों के निर्माण की कोशिश कर रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों से सुरक्षित हो।

## ज्ञान-विज्ञान

# दूर हो रहे हैं दो महाद्वीप... चौड़ी हो रही स्वेज नहर, वैज्ञानिकों ने किया नया खुलासा

अरब देशों और अफीक्रा को अलग करने वाली स्वेज की खाड़ी अब भी फट रही है. चौड़ी हो रही है. वैज्ञानिकों ने सोचा था इसके चौड़ा होना 50 लाख साल पहले रुक गया था. लेकिन ऐसा नहीं है. ये अब भी हो रहा है. इसलिए इस इलाके में छोटे-छोटे भूकंप आते रहते हैं. कहने का मतलब समंदर में स्वेज घाटी बड़ी होती जा रही है.




पृथ्वी की सतह हमेशा बदलती रहती है. कभी-कभी ये बदलाव बहुत धीमे होते हैं, लेकिन वे बहुत बड़े असर डालते हैं. हाल ही में वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाली खोज की है. स्वेज की खाड़ी (Gulf of Suez), जो अफ्रीका और एशिया महाद्वीपों को अलग करती है. अब भी धीरे-धीरे चौड़ी हो रही है. वैज्ञानिक पहले सोचते थे कि यह प्रक्रिया 50 लाख साल पहले रुक गई थी, लेकिन अब पता चला है कि ऐसा नहीं है.

### स्वेज की खाड़ी क्या है और यह कैसे बनी?

स्वेज की खाड़ी लाल सागर का उत्तरी हिस्सा है. यह मिस्र देश में है और स्वेज नहर इसी से जुड़ी हुई है. लगभग 2.8 करोड़ साल पहले अरब टेक्टॉनिक प्लेट (Arabian Plate) अफ्रीकी प्लेट (African Plate) से अलग होना शुरू हुई. इससे पृथ्वी की सतह फटने लगी और खाड़ी बनने लगी.

ऐसी फटने वाली जगहों को रिफ्ट कहते हैं. रिफ्ट से नए महासागर बनते हैं. उदाहरण के लिए, लाल सागर अब भी चौड़ा होकर नया महासागर बन रहा है. लेकिन स्वेज की खाड़ी के बारे में पुरानी सोच थी कि 50 लाख साल पहले यह रिफ्ट रुक गया था. इसलिए यह सिर्फ एक खाड़ी बनी रही, महासागर नहीं बनी. इसे असफल रिफ्ट (Failed Rift) कहा जाता था.

### नई खोज क्या कहती है?

3 नवंबर 2025 को जर्नल 'Geophysical Research Letters' में एक नया रिसर्च पब्लिश हुआ. इसमें वैज्ञानिकों ने बताया कि स्वेज का रिफ्ट कभी पूरी तरह रुका ही नहीं. यह सिर्फ बहुत धीमा हो गया है. अब भी यह हर साल लगभग 0.5 मिलीमीटर (यानी 0.02 इंच) चौड़ा हो रहा है.

यह कम लगता है, लेकिन लाखों सालों में यह बड़ा बदलाव ला सकता है. शोध के मुख्य लेखक डेविड फर्नांडेज़-ब्लैंको हैं. वे चीन की चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में काम करते हैं. उन्होंने कहा कि हमारा शोध बताता है कि रिफ्ट की कहानी सिर्फ दो तरह की नहीं होती – या तो सफल (नया महासागर बने) या पूरी तरह असफल (बंद हो जाए). बीच का रास्ता भी है – रिफ्ट धीमा हो सकता है, लेकिन चलता रहता है.



### वैज्ञानिकों को कैसे पता चला?

1. वैज्ञानिकों ने खाड़ी के 300 किलोमीटर लंबे इलाके का अध्ययन किया. उन्होंने ये चीजें देखीं...
2. खाड़ी के किनारों पर पुरानी मूंगे की चट्टानें (कोरल रीफ्स) समुद्र स्तर से ऊपर उठ गई हैं. कुछ जगहों पर ये 18-20 मीटर ऊंची हैं. यह इसलिए क्योंकि जमीन ऊपर उठ रही है.
3. नदियों के रास्ते और पहाड़ों की आकृति ऐसी है जो सिर्फ कटाव से नहीं बन सकती. यह टेक्टॉनिक हलचल से हो रही है.
4. इलाके में छोटे-छोटे भूकंप आते रहते हैं.
5. जमीन में दरारें (फॉल्ट्स) अभी भी एक्टिव हैं.
6. ये सब संकेत बताते हैं कि रिफ्ट अभी भी जारी है.

### क्यों धीमा हुआ, लेकिन रुका नहीं?

50 लाख साल पहले प्लेटों की दिशा बदल गई. अफ्रीकी और अरब प्लेटों के बीच नई सीमा डेड सी (Dead Sea) के पास बनने लगी. इससे स्वेज की खाड़ी में खिंचाव कम हो गया, लेकिन पूरी तरह बंद नहीं हुआ. यह अमेरिका के पश्चिमी हिस्से की तरह धीरे-धीरे फैल रहा है, जहां पहाड़ और घाटियां बन रही हैं.

### इस खोज का मतलब क्या है?

भूकंप का खतरा ज्यादा: पहले सोचा जाता था कि यह इलाका शांत है. अब पता चला कि यहां बड़े भूकंप आने की संभावना ज्यादा है. लोगों और इमारतों के लिए सावधानी बरतनी होगी. दुनिया के दूसरे रिफ्ट्स पर नजर: दुनिया में कई असफल रिफ्ट हैं. अब वैज्ञानिक उन्हें फिर से जांचेंगे कि कहीं वे भी तो धीरे-धीरे सक्रिय नहीं हैं? पृथ्वी की समझ बदलेगी: पृथ्वी की प्लेटें जितना हम सोचते हैं, उससे कहीं ज्यादा जटिल और लगातार सक्रिय हैं. डेविड फर्नांडेज़-ब्लैंको ने कहा कि पृथ्वी के टेक्टॉनिक सिस्टम हमारी सोच से कहीं ज्यादा गतिशील और लगातार चलने वाले हैं. यह खोज हमें याद दिलाती है कि हमारी धरती जीवित है. वह सांस लेती है, बदलती है – कभी तेज, कभी बहुत धीरे. लेकिन रुकती नहीं.

Uttarakhand

# अब आरोपियों के उत्तराखंड से मिले सात कनेक्शन, रडार पर कुछ डॉक्टर और प्लेसमेंट एजेंसी के लोग

**देहरादून, (एजेंसी)** दिल्ली कार ब्लास्ट जांच की आंच अब उत्तराखंड तक पहुंच गई है। प्रदेश में सात संदिग्धों की जानकारी उत्तर प्रदेश एटीएस ने उत्तराखंड के इंटेलिजेंस मुख्यालय से साझा की है। ये सभी अलग-अलग समय में ब्लास्ट के आरोपियों के संपर्क में रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, उत्तराखंड पुलिस की इंटेलिजेंस और एसटीएफ टीम सातों संदिग्धों की गहन जांच कर रही हैं। इनसे अलग-अलग राउंड में पूछताछ की जा रही है। साथ ही पिछले छह माह की गतिविधियां, कॉल रिकॉर्ड आदि की पड़ताल की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने ब्लास्ट के मुख्य आरोपी और आत्मघाती हमलावर



डॉ. उमर उन नबी और उसके गिरफ्तार सहयोगी आमिर राशिद अली, डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. आदिल राठर, डॉ. शाहीन शाहिद व उनके नेटवर्क के अन्य सदस्यों की कॉल रिकॉर्ड, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच व विभिन्न ऐप के डेटा निकाले हैं। इससे मिले अहम सुराग के बाद अब दिल्ली ब्लास्ट के तार उत्तराखंड से भी जुड़ने लगे हैं। दिल्ली ब्लास्ट में जिस तरह से आत्मघाती हमलावर डॉ. नबी ने आईईडी से भरी कार से विस्फोट किया, उसमें साजिश के तार कश्मीर से लेकर हरियाणा और उत्तर प्रदेश तक फैले मिले। इसके बाद उत्तराखंड से जुड़े लिंक्स की जांच इस आतंकी मॉड्यूल को पूरी तरह से बेनकाब करने की दिशा में एक अहम कड़ी मानी जा रही है।

Punjab

# जब शादीशुदा महिला शादी के वादे पर किसी से सेक्स संबंध बनाए तो..., हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

**पंजाब, (एजेंसी)** शादी का झांसा देकर बलात्कार के मामले में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया है। अदालत का कहना है कि यह नहीं माना जा सकता कि एक कानूनी रूप से विवाहित महिला को शादी के नाम पर यौन संबंधों के लिए सहमत किया जा सकता है। कोर्ट ने पाया कि महिला किसी अन्य पुरुष के साथ शारीरिक संबंध बनाने के दौरान शादीशुदा थी।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, हाईकोर्ट ने इस मामले में दर्ज FIR को रद्द करने के आदेश दिए हैं। याचिका पर सुनवाई कर रहीं जस्टिस शालिनी सिंह नागपाल ने कहा कि यह नहीं माना जा सकता कि अभियोक्ता (महिला) ने याचिकाकर्ता की तरफ से किए गए वादों के प्रभाव में काम किया। उन्होंने कहा कि इस दौरान महिला याचिकाकर्ता के साथ शारीरिक संबंधों में भी शामिल रही थी।

उन्होंने कहा, 'जब एक पूरी तरह से परिपक्व, शादीशुदा महिला शादी के वादे पर यौन संबंधों की सहमति देती है और ऐसा करना जारी रखती है, तो यह शादी का अपमान है। न कि तथ्यों की गलत धारणा के प्रभाव में आकर काम करना। ऐसे मामले में याचिकाकर्ता पर आपराधिक दायित्व तय करने के लिए IPC की धारा 90 नहीं लगाई जा सकती। स्पष्ट तौर पर अभियोक्ता याचिकाकर्ता के साथ 1 साल से ज्यादा समय तक सहमति से संबंध में थी, जिस दौरान वह अपने पति के साथ भी विवाहित रही।'

कोर्ट ने कहा, 'अगर याचिकाकर्ता के खिलाफ FIR में दर्ज कराए आरोपों और सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दिए बयानों को मान भी लिया जाए, तो यह अकल्पनीय है कि कानूनन रूप से शादीशुदा महिला को शादी के वादे पर यौन संबंधों के लिए सहमत किया जा सकता है।

New Delhi

## ऑनलाइन टास्क से 1040 रुपये कमाने का चक्कर, मुंबई की महिला को लगा 7 लाख का चूना, सोना-चांदी भी गिरवी रखा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** हैरान कर देने वाला एक साइबर ठगी का नया केस सामने आया है. मुंबई की रहने वाली 26 साल की हैं. साइबर ठगों ने बड़ी ही चालाकी से उनको शिकार बनाया है. महिला ने घर के सोना-चांदी को गिरवी रख दिया और आखिर में 7 लाख रुपये का चूना लगा. पुलिस ने मंगलवार को बताया कि महिला को पार्ट टाइम जॉब का एक विज्ञापन नजर आया. इस जॉब में रील्स और सोशल मीडिया पोस्ट पर क्लिक करना था, उससे मोटी कमाई होनी थी. महिला ने साइबर ठगों ने कॉन्टैक्ट किया. उसके बाद विक्टिम को एक टेलीग्राम ग्रुप में शामिल किया. फिर उनको पार्ट जॉब के बारे में बताया और शुरुआत में कुछ लिंक पर क्लिक किया. इसके बाद महिला को मैसेज मिले कि उसके बैंक अकाउंट में रुपये आ गए हैं. फिर महिला को और ज्यादा टास्क दिए गए, जिसके बदले में महिला के वर्चुअल वॉलेट में 1,040 रुपये दिखाने लगा. इसके बाद महिला ने उन रुपयों को निकालने की कोशिश की. इसके बाद साइबर ठगों ने महिला को कुछ रुपये डिपॉजिट करने को कहा. महिला ने अलग-अलग बैंक अकाउंट में रुपये डिपॉजिट कर दिए और महिला जाल में फंसती गई.

New Delhi

## पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते अब दिन में भी ठंडक, आने वाले दिनों में आठ डिग्री लुढ़केगा पारा



**नई दिल्ली, (एजेंसी) पहाड़ों पर बर्फबारी का असर राजधानी में दिखने लगा है और दिन में भी ठंडक महसूस की जा रही है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री लुढ़कने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 20 से 24 नवंबर तक अधिकतम तापमान 24 से 28 डिग्री रहने की संभावना है।**

मंगलवार को अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.4 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री दर्ज किया गया। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 100 और न्यूनतम 48 प्रतिशत रही। आया नगर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम पारा 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार, बुधवार सुबह धुंध व कोहरे की संभावना है और अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। दिल्ली में शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है, हालांकि तकनीकी मानकों के अनुसार इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

20 से 24 नवंबर तक आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 24-28 डिग्री और न्यूनतम 8-12 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़कने का अनुमान है। सुबह हल्का कोहरा छाया रह सकता है और हवाएं उत्तर या उत्तर-पूर्व से 5-10 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी। 23-24 नवंबर को हवा उत्तर-पश्चिम की ओर मुड़ेगी, लेकिन कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

खेल

# ग्रुप बी से भारत-पाकिस्तान अंतिम-4 में पहुंचे

### सेमीफाइनल के अन्य दो दावेदारों का आज होगा फैसला

**दोहा, (एजेंसी)** भारत ए ने ओमान ए को छह विकेट से हराकर एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ग्रुप बी से अंतिम-चार के लिए क्वालिफाई करने वाली भारत ए टीम दूसरी टीम बन गई। इससे पहले पाकिस्तान शाहीन्स ने सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। मंगलवार को दोहा में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान ने 20 ओवर में सात विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में भारत ए ने 17.5 ओवर में ही 138 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए हर्ष दुबे ने नाबाद अर्धशतक जड़ा।




जितेश शर्मा की अगुआई में भारत ए ने ग्रुप चरण में खेले तीन में दो मुकाबले जीते और चार अंक तथा 1.979 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं, पाकिस्तान अपने तीनों मुकाबले जीतकर शीर्ष पर रही। उसके खाते में छह अंक हैं और नेट रन रेट 4.560 का है। सेमीफाइनल में भारत का सामना ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम से होगा, जबकि पाकिस्तान का दूसरे सेमीफाइनल में ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा। दोनों सेमीफाइनल के मुकाबले 21 नवंबर को इसी मैदान पर खेले जाएंगे। पहला मैच दोपहर तीन बजे से खेला जाएगा जबकि दूसरा मुकाबला शाम आठ बजे से खेला जाएगा।

137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं हुई। पहला झटका 17 के स्कोर पर लगा। शाफिक जान ने प्रियांश आर्या को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 10 रन बना पाए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी भी जय ओडेड्रा का शिकार बन गए। वह 12 रन बनाकर लौटे। भारत की इस जीत में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हर्ष दुबे ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने महज 41 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद 44 गेंदों में 53 रनों की धमाकेदार नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। इसमें उनका साथ नमन धीर (30) और नेहल वढेरा (23) ने दिया। ओमान के लिए ओडेड्रा, शाफिक, समय और आर्यन ने एक-एक विकेट लिए।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान को करन सोनावले और हम्माद मिर्जा ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 37 रनों की साझेदारी हुई। विजयकुमार विशक ने कप्तान मिर्जा को अपना शिकार बनाया। वह 32 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए वसीम अली ने मोर्चा संभाला और 54 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम का स्कोर 130 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं, ओमान के तीन बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए जबकि दो बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। इस दौरान भारत के लिए गुरजपनीत सिंह और सुयश शर्मा ने दो-दो विकेट लिए जबकि विजयकुमार विशक, हर्ष दुबे और नमन धीर को एक-एक सफलता मिली।

सिनेमा

# धुरंधर में अजित डोभाल का किरदार निभा रहे आर माधवन? लुक तैयार करने में लगे घंटों, बोले- ये आदमी...



आदित्य धर की आने वाली फिल्म धुरंधर का मच-अवेटेड ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया. फिल्म में रणवीर सिंह के साथ आर. माधवन भी हैं, जो कथित तौर पर एनएसए चीफ अजित डोभाल का किरदार निभाते नजर आएंगे. यूजर्स उनके बदले हुलिए को देख चकरा गए हैं. माधवन ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर इस किरदार के बारे में बात की और बताया कि उन्होंने इस पीरियड ड्रामा में अपने किरदार में कैसे ढलने की तैयारी की. लॉन्च पर बोलते हुए माधवन ने बताया कि आदित्य ने उन्हें उस समय कहानी सुनाई जब वह एक और प्रोजेक्ट की शूटिंग में व्यस्त थे. वो बोले,"मुझे याद है, एक दिन आदित्य मेरे पास आए जब मैं किसी और की शूट में था, और उन्होंने धुरंधर की कहानी सुनाई. कहानी सुनते-सुनते मेरे मन में आया,'ये आदमी अभी तक कहां था यार.' मुझे कई ऐतिहासिक फिल्मों का हिस्सा बनने का मौका मिला है, लेकिन यह फिल्म बिल्कुल अलग होने वाली है." माधवन ने बताया कि फिल्म के लुक टेस्ट में कितना समय लगा. वो बोले, "जब मैं धुरंधर का लुक टेस्ट कर रहा था, तो लगभग चार घंटे लगे. लगता था कि कोई न कोई चीज अब भी कमी रह गई है. तभी आदित्य आए और बोले, 'तुम्हें अपने होंठ थोड़े पतले करने चाहिए.'

## Highlights

1. **Lalu's family is disintegrating under Bihar's people's curse: BJP**
2. **How one man escaped the Saudi bus crash that killed 45 Indian pilgrims?**
3. **K'taka Congress MLA hits worker for asking for building in village**
4. **IMD issues cold wave alert for 5 districts in Telangana**
5. **Dr Umar likely made explosive devices for serial blasts in room at Al Falah: Reports**

# Sridhar Vembu wants entrepreneurs to marry and have kids in their 20s as 'demographic duty'

**NEW DEIHI, (Agency).** Sridhar Vembu, the founder and former chief executive officer of Zoho Corp., advises young entrepreneurs to marry and have children early in life, as "a demographic duty to society".

"I advise young entrepreneurs I meet, both men and women, to marry and have kids in their 20s and not keep postponing it," Vembu wrote on X. "I tell them they have to do their demographic duty to society and their own ancestors. I know these notions may sound quaint or old-fashioned but I am sure these ideas will resonate again."

Vembu, who returned to India in 2019-20 after spending nearly two decades in the US, was reposting Upasana Konidela—founder of wellness platform URLife—who during her recent visit to IIT Hyderabad found that male students are more willing to get married than women. "The women seemed far more career-focused!!!! This is the new - Progressive India," she said in a post.



Sridhar Vembu wife & family

To be sure, Sridhar Vembu is divorced—his three-decade marriage with Pramila Srinivasan, founder and president of the US-based The Brain Foundation, came to end in 2023. They have an autistic son who now lives with his mother.

That separation wasn't without controversy.

According to a Forbes report dated 13 March 2023, Srinivasan claims Vembu abandoned her and their son in the US to return to Tamil Nadu. In the divorce case in California, where they resided together for years, she claims Vembu deliberately got rid of a big chunk of his Zoho stake in a complex transaction that moved Zoho's IP to India and eventually placed the majority of the shares with his sister and her husband, without ever telling her.

"Sridhar holds himself out as a world-class entrepreneur, 'thought leader', and moral compass. He seeks to serve as an inspiration to young people wishing to follow in his footsteps and build successful businesses," Srinivasan states in the divorce filing.

# Google debuts Gemini 3 AI model that can 'read the room' with interactive answers

**NEW DEIHI, (Agency).** Alphabet Inc.'s Google debuted an updated version of its AI model Gemini that executives said represents a "massive jump" in reasoning and coding ability.

The new model, Gemini 3, will be available immediately across all of Google's major products, including Search, and can answer questions with interactive graphics. Gemini 3, like its predecessor, can process text, images, and other media as well as solve complex science and math problems.



It has dramatically improved its ability to reason and respond based on that input, Chief Executive Officer Sundar Pichai said in a statement on Tuesday. In just two years, "AI has evolved from simply reading text and images to reading the room," Pichai said.

As part of the rollout and in this push for growth, Google will be offering US college students Gemini Pro for free for a year.

Google is working to reassert leadership in the fast-moving Generative AI race, where rivals like OpenAI and Anthropic AI have recently rolled out upgrades of their own models. By weaving Gemini 3 into core products and developer tools all at once, the company is betting that tighter integration of its newest AI will showcase a faster payoff from the company's years of investment in the technology.

Google Gemini 3

"This is our most intelligent model," Google DeepMind chief technology officer Koray Kavukcuoglu said in a briefing with reporters.

### इंदौर-पुणे बस में नेशनल शूटर से छेड़छाड़

# कंडक्टर और ड्राइवर को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर-पुणे के बीच चलने वाली निजी ट्रैवल्स की बस में नेशनल शूटर से छेड़छाड़ की गई। पुणे की शूटर जब बस में चढ़ रही थी, कंडक्टर ने उसे बैड टच किया। इस पर उसने आपत्ति जताई। ड्राइवर-कंडक्टर ने बदतमीजी की तो लेडी शूटर ने दोनों की पिटाई कर दी।**

इसके बाद दोनों वहां से भाग गए। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि ड्राइवर-कंडक्टर नशे में थे। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रविवार का है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, 30 वर्षीय नेशनल खिलाड़ी शूटिंग कंपटीशन के लिए इंदौर आई थी। वह रविवार रात वर्मा ट्रैवल्स की बस से पुणे लौट रही थी। हंगामे के चलते सभी यात्री बस से उतर गए। उन्होंने ट्रैवल्स ऑफिस में कॉल किए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। बस रातभर सड़क पर ही खड़ी रही।



इसके बाद ट्रैवल्स संचालकों से बात कर सोमवार सुबह 4 बजे नया ड्राइवर भेजा गया, तब जाकर बस पुणे के लिए रवाना हो सकी। महिला खिलाड़ी ने थाने में आवेदन दिया है। पुलिस ने कहा है कि जांच के बाद मामले में एफआईआर की जाएगी। पुलिस ने बस संचालकों से संपर्क किया, लेकिन वे थाने नहीं पहुंचे। मामले की जांच कर रहीं एसआई शिल्पा पाटीदार ने बताया कि घटना की पुष्टि हुई है। पीड़िता पुणे की रहने वाली है। वह लौट गई है। आगे की प्रोसेस के लिए सीनियर अफसरों से चर्चा की जा रही है। इंदौर के एक ट्रेवल्स संचालक ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि रविवार देर रात भोपाल से इंदौर और यहां से पुणे जाने वाली बस में घटना हुई थी। रात 2 बजे ड्राइवर के लिए थाना प्रभारी ने उन्हें भी कॉल किया था, लेकिन उनके पास व्यवस्था नहीं थी, इसलिए वे मदद नहीं कर पाए। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने कहा- खिलाड़ी पुणे की रहने वाली है। नेशनल गेम्स के लिए भोपाल आई थी। बस से पुणे लौट रही थी। ड्राइवर-कंडक्टर ने बेड टच किया। बस इंदौर पहुंची तो राजेंद्र नगर थाना के पास चेकिंग चल रही थी। जैसे ही युवती को थाना दिखा, उसने कंप्लेंट करने की बात कही। ऐसे में ड्राइवर-कंडक्टर और क्लीनर वहां से भाग गए। पुलिस लगातार मामले को फॉलो कर रही है। हाल ही में हंस ट्रैवल्स की बस में भी छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। 6 नवंबर को मुंबई-इंदौर रूट की एक बस में युवती के साथ यात्री ने आपत्तिजनक हरकतें की थीं। आरोप है कि ड्राइवर और क्लीनर ने आरोपी को रोकने के बजाय उसका साथ दिया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद राजेंद्र नगर पुलिस ने शून्य पर एफआईआर दर्ज कर मामले को बड़वानी ट्रांसफर किया था।

### स्कूली वाहनों पर कार्रवाई

## अन्य बसों से 6 लाख 72 हजार रुपए मोटरयान कर जमा करवाया




- **नियम विरुद्ध पाए जाने पर 7 स्कूली वाहनो से 40 हजार रूपए का जुर्माना वसूला**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आरटीओ एवं ट्रैफिक पुलिस के द्वारा सांवेर रोड, सुपर कॉरिडोर क्षेत्र के स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई। जांच में वाहनो के परमिट, फिटनेस, बीमा सहित सभी दस्तावेज चेक किये गए। वाहनों का निरीक्षण भी किया गया जिसमें चेक किया गया की वाहन फिटनेस शर्तों, परमिट शर्तो का उल्लंघन तो नहीं कर रहा है। फायर सेफ्टी उपकरण, स्पीड गवर्नर सही से काम तो कर रहे है। साथ ही बच्चों और उनके पालकों से फीडबैक भी लिया गया कि वाहन चालक, वाहन को तेज गति से तो नहीं चलाते है, या वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग तो नही करते है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि 6 स्कूली वाहनों में विभिन्न कमिया पाए जाने, मोटरयान अधिनियम के विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने पर 40 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया। साथ ही अन्य बसों से 6 लाख 72 हजार रूपये मोटरयान कर जमा कराया गया। ह अन्य वाहनों पर भी कार्रवाई की गई सम्पूर्ण कार्रवाई में 75 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी। स्कूल/शैक्षणिक संस्था बसों में सुरक्षा मानको की पूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु इंदौर जिले में स्थित स्कूली वाहनों की आक्समिक चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। समस्त शैक्षणिक संस्थान/स्कूल संचालकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने वाहन पूर्ण रूप से फिट होने एवं उनके समस्त आवश्यक दस्तावेज वैध होने पर ही सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए वाहनों को संचालन किया जाना सुनिश्चित करें।

## रेटिना आंखों की दृष्टि की नींव है और आंखें अनमोल है : चीफ रेटीना सर्जन डॉ. सुमित अग्रवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल द्वारा मध्य प्रदेश वित्त निगम कार्यालय इंदौर में नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। प्रख्यात रेटीना सर्जन डॉ. सुमित अग्रवाल ने निगम के सभी कर्मचारियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आँखों में रेटिना रोग बिना दर्द और बिना लक्षण के बढ़ते हैं। सही समय पर जांच कराने से दृष्टि हानि से रोका जा सकता है। रेटिना को स्वस्थ रखने के लिए हरी सब्जियां एवं रंगीन फलों का रोज सेवन करें। साथ ही नींद पूरी करें। तनाव से बचें एवं नियमित व्यायाम करें। रेटिना के रोगी स्टेरॉइड्स के सेवन सहित धूम्रपान और घरेलू उपचार से दूर रहें। यदि किसी को कोई लक्षण दिखे तो इसे नजरअंदाज ना करें और तुरंत रेटिना विशेषज्ञ से संपर्क करें। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव श्री पुरुषोत्तम वाघमारे विशेष अतिथि थे। अध्यक्षता निगम के उप महाप्रबंधक प्रशांत कुमार सिन्हा ने की।



## ढाई महीने की बच्ची को लगा दी Expired Vaccine

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एक निजी अस्पताल में चिकित्सा लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक ढाई महीने की बच्ची को कथित तौर पर एक्सपायरी (तारीख निकल चुकी) वैक्सीन लगा दी गई। जब बच्ची के माता-पिता ने वैक्सीन के रैपर पर लिखी तारीख देखकर इस पर आपत्ति जताई, तो आरोपी डॉक्टर ने न केवल रैपर बदलने की कोशिश की, बल्कि परिजनों के साथ बदसलूकी और मारपीट भी की। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

मामला मूसाखेड़ी निवासी राहुल ठाकुर की ढाई माह की बच्ची से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, राहुल अपनी पत्नी रोशनी के साथ सोमवार रात सपना-संगीता रोड स्थित मातरम् हॉस्पिटल पहुंचे थे। वे अपनी बच्ची को पीडियाट्रिशियन (बाल रोग विशेषज्ञ) डॉ. हिमांशु अग्रवाल के पास वैक्सीन लगवाने आए थे। इसके लिए रिसेप्शन पर उनसे 7030 रुपए का शुल्क भी लिया गया। डॉ. अग्रवाल ने बच्ची को Hexa-2 नामक वैक्सीन लगाई।



इसी दौरान, बच्ची के पिता राहुल की नजर फाइल पर चिपकाए गए वैक्सीन के खाली रैपर पर गई। रैपर पर वैक्सीन की एक्सपायरी डेट 'मई 2025' लिखी थी, जो कि (वर्तमान तिथि के अनुसार) समाप्त हो चुकी थी। इसे देखते ही राहुल ने तुरंत डॉक्टर के सामने आपत्ति दर्ज कराई। राहुल ठाकुर का आरोप है कि आपत्ति जताते ही डॉ. अग्रवाल ने कथित तौर पर फाइल से वह रैपर निकालकर उसकी जगह दूसरा रैपर चिपकाने की कोशिश की। जब राहुल ने इसका विरोध किया, तो डॉक्टर ने उनके साथ बदसलूकी शुरू कर दी और मारपीट की। आरोप है कि डॉक्टर ने दंपती को अस्पताल से बाहर निकालते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना के बाद, पीड़ित दंपती सीधे जूनी इंदौर थाने पहुंचे और पूरी घटना की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने फरियादी राहुल ठाकुर की रिपोर्ट के आधार पर डॉ. हिमांशु अग्रवाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## बायपास को रिंग रोड से जोड़ने वाली सड़क में कब्रिस्तान बना बाधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की गई कॉलोनी स्कीम-140 की सड़क के निर्माण में लोगों के मकान नहीं, बल्कि कब्रिस्तान बाधक बना हुआ है। इस कारण सड़क का एक हिस्सा कब्रिस्तान के मुहाने तक बन गया, लेकिन सड़क जुड़ नहीं पाई। अब इस सड़क को बनाने का काम नगर निगम ने अपने हाथ में लिया है। अब देखना होगा कि सड़क के लिए बाधक कब्रिस्तान को हटाया जाता है या फिर वैकल्पिक रास्ता निकाला जाएगा।**

खजराना क्षेत्र का यह कब्रिस्तान पहले गांव के बाहर हुआ करता था। 40 साल पहले उस हिस्से में इंदौर विकास प्राधिकरण की स्कीम लागू हुई। प्लानिंग में कब्रिस्तान सड़क में आया तो इंदौर विकास प्राधिकरण ने कमेटी को कब्रिस्तान के लिए अलग से जमीन आरक्षित की और यह तय हुआ कि भविष्य में जब भी सड़क बनेगी, तब पुराने कब्रिस्तान की जमीन आईडीए को देना होगी। लेकिन, कमेटी ने पुराने कब्रिस्तान में शव दफनाने का काम भी जारी रखा और नए कब्रिस्तान में भी शव दफनाए जाने लगे।पांच साल पहले बायपास से एडवांस एकेडमी तक सड़क बनाने का काम इंदौर विकास प्राधिकरण ने शुरू किया। तब भी कब्रिस्तान को हटाने के लिए कमेटी से चर्चा की गई, लेकिन कमेटी इसके लिए तैयार नहीं हो पाई। आखिरकार सड़क का काम रूक गया। मास्टर प्लान की इस महत्वपूर्ण सड़क को बनाने में भी विभागों ने खूब कंजूसी की। एबी रोड से बॉम्बे अस्पताल तक तो सड़क 30 मीटर चौड़ाई में बन गई, लेकिन बॉम्बे अस्पताल से तुलसी नगर तक की एक लेन ही बन पाई। पांच साल पहले 20 से ज्यादा कॉलोनियों के रहवासियों ने आंदोलन किया। तब इंदौर विकास प्राधिकरण को दूसरी लेन तक सड़क बनाना पड़ी, लेकिन अभी भी तुलसी नगर पुल से बायपास तक इस सड़क की कनेक्टिविटी ठीक नहीं है। 20 फीट से भी कम चौड़ाई में सड़क बनी हुई है। रहवासी आयुष राव का कहना है कि सड़क के बॉटलनेक वाले हिस्से में बाधा दूर की जाना चाहिए। बायपास से एबी रोड तक सड़क की चौड़ाई सामान्य होने पर ही वाहन चालकों को फायदा होगा। रहवासी संजय यादव ने कहा कि अब इस हिस्से में ज्यादा बसाहट हो गई है। शाम के समय गलियों में ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति होती है। सड़क बनना ही चाहिए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक